आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 22.01.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के दस वर्ष पूरे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से बेटियों के अधिकारों को संरक्षण देने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।
- प्रदेश में 100 नगर निकायों के लिए कल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा मतदान, सभी तैयारी पूरी।
- राष्ट्रीय खेलों के दौरान खिलाड़ियों की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 141 टीमों का गठन।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए रूपरेखा तैयार करने के आपदा प्रबन्धन विभाग को निर्देश दिए।

पीएम बेटी बचाओ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर कहा है कि इस अभियान मे समाज के सभी वर्गो की भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान ने लड़के–लड़कियों के भेदभाव को दूर करने में मदद की तथा लड़कियों की शिक्षा और सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया। श्री मोदी ने लोगों से बेटियों के अधिकारों को संरक्षण देने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की ताकि बेटियां बिना किसी भेदभाव के प्रगति कर सकें।

सुकन्या समृद्धि योजना के भी दस वर्ष पूरे हो रहे हैं। केन्द्र सरकार ने बताया है कि देश में सुकन्या समृद्धि योजना में चार करोड से अधिक खाते खोले गए हैं। यह योजना 22 जनवरी 2015 को शुरू की गई थी। यह योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का एक हिस्सा है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्र सरकार ने विपणन सत्र 2025–26 के लिए कच्चे पटसन के न्यूनतम समर्थन मूल्य– एमएसपी बढ़ाने का निर्णय लिया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में मंत्रिमंडल के फैसलों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कच्चे पटसन के लिए प्रति क्विंटल पांच हजार 650 रुपये का एमएसपी प्रदान किया जाएगा, जो पिछले विपणन सत्र 2024–25 की तुलना में 315 रुपये अधिक है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के 40 लाख परिवारों को मदद मिलेगी, जो कच्चे पटसन के उत्पादन में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हासिल प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने पहले के निर्णय के अनुसार अगले दो वर्षों तक इसका कार्यान्वयन जारी रखने का निर्णय लिया है। 2021 में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यान्वयन को 2026 तक पांच साल के लिए बढ़ा दिया था।

निकाय चुनाव मतदान

प्रदेश की 100 नगर निकायों के लिए कल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि चुनाव को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 30 लाख 29 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के लिए 16 हजार 284 मतदान कर्मी और 25 हजार 800 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

पोलिंग पार्टी रवाना

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज पोलिंग पार्टियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। बागेश्वर जिले में पोलिंग पार्टियां, पोलिंग बूथों के लिये रवाना हुईं। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई ने पोलिंग पार्टियों का निरीक्षण किया और उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उधर, पिथौरागढ़ जिले में भी पोलिंग पार्टियां विभिन्न मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुईं। जिले की पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि सभी पोलिंग स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।
प्रदेश के अन्य जिलों में भी पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

राष्ट्रीय खेल

प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान खिलाड़ियों और मेहमानों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए 141 टीमों का गठन किया गया है। 28 जनवरी से लेकर 14 फरवरी तक यह टीमें अलर्ट मोड में रहेंगी। इस दौरान जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस और हेली एंबुलेंस तक की सुविधा तुरंत उपलब्ध कराई जाएगी। देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्टेडियम के धनवन्तरी ब्लॉक में 10 बेड का अस्पताल खिलाड़ियों के लिए संचालित किया जाएगा। इसी तरह आईजीआईसीएस स्टेडियम, गोलापार हल्द्वानी में दो बेड का अस्पताल संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राष्ट्रीय खेल हमारे राज्य के लिए गौरव का क्षण है। खिलाड़ियों और मेहमानों को उच्चतम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है।

तैराकी प्रशिक्षण

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम हल्द्वानी में खेल विभाग, खिलाड़ियों के लिए तैराकी का विशेष प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है। प्रशिक्षण में उत्तराखंड के अलावा अन्य राज्यों से भी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा और प्रदर्शन के लिए स्विमिंग पूल में विशेष पूल हीटिंग सिस्टम भी लगाया गया है, ताकि ठंड के मौसम में भी खिलाड़ी बिना किसी बाधा के प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर स्विमिंग पूल तैयार किया गया है और अब उत्तराखंड, तैराकी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेगा।

आपदा प्रबंधन मॉडल

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आपदा प्रबन्धन विभाग को प्रदेश में आपदाओं से निपटने व बचाव के लिए रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसमें गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और निजी विशेषज्ञों के सुझाव भी शामिल करने को कहा है। वे आज सचिवालय में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सेन्डई, जापान फ्रेमवर्क का राज्य में क्रियान्वयन की समीक्षा कर रही थी। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रबन्धन के क्षेत्र में अन्य देशों और राज्यों के मॉडल को अपनाने के बजाय उत्तराखण्ड की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रबन्धन मॉडल तैयार करने की अधिकारियों को हिदायत दी। मुख्य सचिव ने राज्य में 65 हजार से अधिक महिला स्वंय सहायता समूहों से जुड़ी 10 लाख से अधिक महिलाओं को भी आपदा प्रबन्धन का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इन प्रशिक्षित महिलाओं को आपदा सखी का नाम देते हुए आपदाओं के दौरान ग्राम और तहसील स्तर पर इनकी सहायता राहत व बचाव कार्यों में लेने को कहा है।

उत्तराखंड झांकी पुरस्कार

राष्ट्रीय रंगशाला शिविर, नई दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में श्रेष्ठ तीन राज्यों में, उत्तराखंड को दूसरा स्थान मिलने पर पुरस्कार मिला है। उत्तराखंड गठन के बाद राज्य की झांकी के कलाकारों को यह पुरस्कार दूसरी बार मिला है। गणतंत्र दिवस परेड के लिए उत्तराखंड की झांकी में सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक और टीम लीडर के.एस. चौहान के नेतृत्व में राज्य से 16 कलाकार भाग ले रहे हैं। श्री

चौहान ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले कलाकारों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। गौरतलब है कि गणतंत्र दिवस परेड में इस वर्ष उत्तराखंड द्वारा "सांस्कृतिक विरासत एवं साहसिक खेल" की थीम पर झांकी का प्रदर्शन कर्तव्य पथ पर किया जाएगा।